मूल्य 1 रु.
वर्षः 13 - अंक : 313, मुंबई, गुरुवार, 8 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




# महाराष्ट्र: महाप्रसाद खाने के बाद 2000 ग्रामीण बीमार

## अस्पताल में कराया गया भर्ती, मचा हड़कंप



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड जिले के एक गांव में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में खाना खाने के बाद लगभग दो हजार ग्रामीण बीमार पड़ गये। पीड़ितों को फूड पॉइजनिंग होने की आशंका है। इस घटना से हड़कंप मच गया है। नांदेड जिले के लोहा तालुका के कोशतवाड़ी में यह घटना हुई। जानकारी के मुताबिक, गांव में मंगलवार को महाप्रसाद का आयोजन किया गया था। इसमें शामिल दो हजार श्रद्धालु बीमार पड़ गए। उन्हें उल्टी, चक्कर आना, जी मिचलाना और दस्त शुरू हो गयी। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# कांग्रेस को एक और झटका

## वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी ने दिया इस्तीफा, 48 साल पुराना रिश्ता खत्म!



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस नेता बाबा सिद्दीकी ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। पूर्व मंत्री ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। पिछले कुछ दिनों से अटकले थी कि सिद्दीकी कांग्रेस आलाकमान से नाराज है और पार्टी से दशकों पुराना रिश्ता तोड़ देंगे। उनके अजित पवार की पार्टी एनसीपी में जाने की चर्चा है। बाबा सिद्दीकी ने गुरुवार को पार्टी छोड़ दी है। अभी पिछले महीने ही पूर्व सांसद मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हुए थे। अब बाबा सिद्दीकी के रूप में कांग्रेस को एक और तगड़ा झटका लगा है।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### कुछ चीजों को न कहना ही बेहतर- बाबा सिद्दीकी

बाबा सिद्दीकी ने कांग्रेस छोड़ने की जानकारी एक्स पर पोस्ट कर दी है। उन्होंने लिखा, मैं कांग्रेस पार्टी में युवावस्था से शामिल हुआ था और मेरी यह 48 वर्षों तक चली एक महत्वपूर्ण यात्रा रही। आज मैं तत्काल प्रभाव से कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं। मैं बहुत कुछ व्यक्त करना चाहता हूं, लेकिन जैसा कि कहा जाता है कि कुछ चीजें अनकही ही रह जाएं तो बेहतर है। मैं उन सभी को धन्यवाद देता हूं जो मेरी इस यात्रा का हिस्सा रहे हैं।

# जलगांव में रेत माफियाओं का आतंक

## छापेमारी करने गए डिप्टी कलेक्टर पर जानलेवा हमला



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के जलगांव जिले में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। जहां रेत का अवैध उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गए रेजिडेंट डिप्टी कलेक्टर को बुरी तरफ पीटा गया। उन्हें गंभीर चोट लगी है। पुलिस ने बताया कि रेजीडेंट डिप्टी कलेक्टर (उपजिलाधिकारी) सोपान कासार ने रेत माफियाओं पर छापा मारकर बड़ी कार्रवाई की। इससे खफा बालू माफियों ने कासार पर जानलेवा हमला कर दिया। इसके साथ ही सरकारी वाहनों पर भी पथराव किया गया। इस घटना में उपजिलाधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें खून से लथपथ हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**(शेष पृष्ठ 3 पर)**

# शरद पवार खेमे को मिला नया नाम 'एनसीपी शरदचंद्र पवार'

## चुनाव आयोग ने लगाई मुहर



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) का नया बॉस अब महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार बन गए है। जबकि शरद पवार के नेतृत्व वाले धड़े को आयोग ने नया नाम दिया है। शरद पवार का खेमा अब 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' के नाम से जाना जाएगा। चुनाव आयोग ने मंगलवार को अजित पवार को एनसीपी का नाम और चुनाव चिह्न दे दिया। शरद पवार गुट ने अजित पवार को एनसीपी का नाम और 'घड़ी' चुनाव चिह्न सौंपने के चुनाव आयोग के फैसले की कड़ी आलोचना की है। **(शेष पृष्ठ 3 पर)**

### ये लोकतंत्र की हत्या है- सुप्रिया सुले

वरिष्ठ पवार की बेटी व एनसीपी की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने चुनाव आयोग के फैसले को 'लोकतंत्र की हत्या' करार दिया। उन्होंने कहा, भले ही चुनाव आयोग ने विधायकों की संख्या के आधार पर अपना फैसला सुनाया है, मगर इसके पीछे 'अदृश्य शक्ति' की मौजूदगी है। उन्होंने कहा, हम चुनाव आयोग के फैसले से बिल्कुल भी हैरान नहीं हैं। एनसीपी के संस्थापक शरद पवार से अन्यायपूर्वक उनकी पार्टी छीन ली गई। हम न्याय पाने के लिए इस फैसले के खिलाफ पूरी ताकत से सुप्रीम कोर्ट में लड़ेंगे। सांसद सुप्रिया सुले ने अपने चचेरे भाई अजित पवार का बिना नाम लिए उन पर निशाना साधा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### दक्षिणी राज्यों का मोर्चा



**इन राज्यों की साझा शिकायत है कि केंद्र सरकार संविधान में निहित वित्तीय संघवाद की भावना का उल्लंघन कर रही है। जीएसटी के तहत उन राज्यों से जो टैक्स वसूला जाता है, उसमें उन्हें उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है।**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया दल-बल के साथ नई दिल्ली पहुंचे हैं। गुरुवार को ऐसा ही मोर्चा लेकर केरल के मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन जंतर-मंतर पहुंचेंगे। इसके ठीक पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने विजयन को पत्र लिख कर कहा है कि उनका राज्य ना सिर्फ इस लड़ाई में केरल के साथ है, बल्कि इस बारे में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार की तरफ से सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका के साथ खुद को भी संबंधित करेगी। इस घटनाक्रम के सार को समेटते हुए कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खड़गे ने कहा है कि फिलहाल दक्षिणी राज्य अलग-अलग लड़ रहे हैं, लेकिन देर-सबेर उनका मोर्चा बनना तय है। संकेत हैं कि तेलंगाना भी इस संघर्ष से जुड़ेगा। इन सभी राज्यों की साझा शिकायत है कि केंद्र सरकार संविधान में निहित वित्तीय संघवाद की भावना का उल्लंघन कर रही है। जीएसटी के तहत उन राज्यों से जो टैक्स वसूला जाता है, उसमें उन्हें उचित हिस्सा नहीं मिल रहा है। स्टालिन का दावा है कि जीएसटी से पहले के समय की तुलना में तमिलनाडु को हर साल 20 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है। इस महीने पेश अंतरिम बजट के प्रावधानों से दक्षिणी राज्यों में असंतोष और बढ़ा है। उन प्रावधानों टिप्पणी करते हुए पर कर्नाटक से कांग्रेस के एक सांसद ने तो यहां तक कह दिया कि अगर केंद्र का यही रवैया रहा, तो दक्षिणी राज्यो से अलग देश बनाने की मांग उठ सकती है। इस बीच उन राज्यों में 2026 में संभावित लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर भी आशंका गहरा गई है। उन्हें भय है कि अगर आबादी को इसका आधार बनाया गया, तो लोकसभा में उनके प्रतिनिधित्व का अनुपात घट जाएगा, जबकि उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों के प्रतिनिधित्व में भारी इजाफा होगा। उनका कहा है कि इस तरह उन्हें बेहतर विकास करने और जनसंख्या वृद्धि पर काबू पाने की सजा मिलेगी। कहा जा सकता है कि ये सारी गंभीर शिकायतें हैं। अगर केंद्र सरकार संवेदनशील है और बन रही परिस्थिति के संभावित परिणामों को समझती है, तो उसे तुरंत दक्षिणी सरकारों से संवाद कायम करते हुए उनकी शिकायतों को दूर करना चाहिए।

## नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन एवं लायंस क्लब दिल्ली वेज के साथ चौथे संस्करण में वूमेन प्रेस्टीज अवॉर्ड 2024 के लिए इंडो म्यांमार फ्रेंडशिप एसोसिएशन ने भी की सहभागिता

# नारी शक्ति एक नई पहल संस्थाः समर्पित सेवा और परिश्रम की मिसाल





**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**मध्यप्रदेश।** नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन एवं लायंस क्लब दिल्ली वेज के संयुक्त तत्वाधान में विगत तीन वर्षो से लगातार वूमेन प्रेस्टीज अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया जाता रहा है लेकिन इस वर्ष नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन एवं लायंस क्लब दिल्ली वेज के साथ इंडो म्यांमार फ्रेंडशिप एसोसिएशन ने भी इस अवॉर्ड में गर्व से अपनी मेजबानी की है। आपको बता दें कि नई दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में अब तक का सबसे बड़ा वूमेन प्रेस्टीज अवॉर्ड 2024 कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना और उनकी उपलब्धियों और संघर्ष को पहचानना था। बता दें कि इस कार्यक्रम में म्यांमार के राजदूत मोई क्वाआंग, कोमोरोस संघ के मानद महावाणिज्य दूत-मानव संसाधन केएल गंजू और जैन आचार्य लोकेश मुनि मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लायंस क्लब दिल्ली वेज के चार्टर अध्यक्ष लायन डॉ. गौरव गुप्ता, नारी शक्ति एक नई पहल संस्था की संस्थापक एड. डॉ. नूपुर धमीजा योग्य प्राप्तकताओं को पुरस्कार प्रदान करने में विशिष्ट अतिथियों के साथ शामिल हुई। इस कार्यक्रम में एड. डॉ. नूपुर धमीजा नारी शक्ति एक नई पहल संस्था की संस्थापक, अमन मलिक एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, फॉर्मर जज, एओआर सुप्रीम कोर्ट, सतीश दण्डारे नव भारत टाइम्स, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर, शैलेश शुक्ला मैनेजमेंट डायरेक्टर, प्रेसिडेंट किरन सिंह, लायसन ऑफिसर मीडिया सेल पूजा ज्योतिषी, मेन टीम मेम्बर शशिपाल सिंह उपस्थित रहे।

**121 महिलाओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए किया गया सम्मानित**

नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन कि राष्ट्रीय अध्यक्षा एड. डा. नूपुर धमीजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन एवं लायंस क्लब दिल्ली वेज के द्वारा पूरे भारत से ऐसी 121 महिलाओं का चयन कर वुमेन प्रेस्टीज अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है जो अपना घर परिवार को संभालने के उपरांत समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक कार्यों में निस्वार्थ अपना योगदान लगातार दे रही हैं उनके द्वारा आज के विषम परिस्थितियों महिलाओं का सामाजिक विकास एवं सकारात्मक समाज का निर्माण में शानदार योगदान दे रही हैं उन महिलाओं को वुमेन प्रेस्टीज अवार्ड 2024 से सम्मानित कर उनके हौसले को बढ़ाने के साथ ही साथ समाज की अन्य महिलाओं को इसी तरह से आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं, यह अवार्ड किसी भी महिला को संस्था के द्वारा पूरे जीवन में सिर्फ एक बार दिया जाता है। मंच के माध्यम से भारत, वियतनाम, रूस, म्यांमार और कोरिया, कर्नाटक, हैदराबाद, दिल्ली, हरियाणा, यूपी, महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित भारत भर के विभिन्न शहरों का प्रतिनिधित्व करने वाली, विविध पृष्ठभूमि और क्षेत्रों से आने वाली कुल 121 महिलाओं को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों जैसे उद्यमिता, एनजीओ कार्य, व्यवसाय, शिक्षण, पत्रकारिता, कूटनीति, फैशन, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी, परामर्श और आभूषण जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली उल्लेखनीय महिलाओं को उनके अनुकरणीय योगदान के लिए उन्हें वूमेन प्रेस्टीज अवॉर्ड 2024 से पुरस्कृत किया गया। जिसमें नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन की टीम से मध्य प्रदेश के मंडला जिले से जिला संपर्क अधिकारी पूजा ज्योतिषी और सिंगरौली जिले से प्रेसिडेंट किरन सिंह का चयन हुआ है।

**उत्कृष्ट कार्यों के लिए संस्था की पूजा ज्योतिषी और किरन सिंह को मिला वूमेन प्रेस्टीज अवॉर्ड 2024**

नई दिल्ली स्थित म्यांमार दूतावास में नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन की टीम से मध्य प्रदेश के मंडला जिले से जिला संपर्क अधिकारी पूजा ज्योतिषी और सिंगरौली जिले से प्रेसिडेंट किरन सिंह को वूमेन प्रेस्टीज अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया। बता दें कि एड. डॉ. नूपुर धमीजा के मार्गदर्शन में किरन सिंह और पूजा ज्योतिषी जैसी संघर्षशील बेटियां महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों पर लगाम लगाने का कार्य कुशलता पूर्वक कर रही हैं। उक्त अवार्ड प्राप्ति के अवसर पर संस्था की संस्थापक डॉ. नूपुर धमीजा ने हर्ष व्यक्त करते हुए वुमेन प्रेस्टीज अवार्ड से सम्मानित जिला संपर्क अधिकारी पूजा ज्योतिषी और सिंगरौली की प्रसीडेंट किरन सिंह के साथ-साथ पूरी मंडला और सिंगरौली जिले की टीम को बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं प्रेषित की है।

**नारी शक्ति संस्थाः महिलाओं की आवाज का बनी ध्वनि**

नारी शक्ति संस्था ने महिलाओं की आत्मसम्मान और सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निरंतर बनाए रखा है। इस संस्था के नाम पर चार विश्व रिकॉर्ड दर्ज है। बता दें कि नारी शक्ति संस्था के संस्थापक नूपुर धमीजा ने इस संदेश को देश और विदेश में फैलाने के लिए कड़ी मेहनत और समर्पण की है। उन्होंने इस संस्था को एक आवाज के रूप में स्थापित किया है, जो महिलाओं के हक की रक्षा करती है और उन्हें समर्थ बनाती है। नारी शक्ति संस्था ने अपने कार्यों से न केवल अपनी पहचान बनाई है, बल्कि समाज में बदलाव लाने के लिए एक महत्वपूर्ण क्रांति की भूमिका निभाई है। इस संस्था की पहचान अब विश्वस्तरीय हो चुकी है, और नारी सुरक्षा और समाज में समानता के लिए उनका योगदान अविस्मरणीय है। नारी शक्ति संस्था के संस्थापिका नूपुर धमीजा ने इसे एक मिशन बनाया है कि महिलाओं को समाज में समानता और सुरक्षा की भावना मिले। उन्होंने स्पष्ट किया कि संस्था का उद्देश्य है महिलाओं को सशक्त बनाना और उन्हें अपने अधिकारों के लिए लड़ने की प्रेरणा देना। नारी शक्ति संस्था की कामयाबी का सबसे बड़ा कारण है उनका समर्पित कार्य और विश्वास कि महिलाओं को समाज में एक मान्यता और सम्मान के साथ जीने का हक होना चाहिए। एड. डॉ. नूपुर धमीजा ने बताया कि नारी शक्ति संस्था ने महिलाओं को उनके अधिकारों की जागरूकता दिलाने के लिए निरंतर प्रयास किया है और उन्हें न्याय के पथ पर गाइड किया है। उन्होंने बताया कि नारी शक्ति एक नई पहल फाउंडेशन के बैनर तले बच्चियों, महिलाओं को निःशुल्क कानूनी सहायता, निःशुल्क मार्शल आर्ट्स का प्रशिक्षण शिविर, गुड टच बैंड टच का जागरूकता अभियान, असहायों/जरूरतमंदों को ब्लड एवं कम्बल वितरण तथा निर्धन परिवार के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से निशुल्क स्टेशनरी सामान एवं ऊलेन कपड़ों का वितरण कर लोगों के जीवन को रोशन करने का काम कर रही है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# राज्य की पांच हजार बसें एल. एन. जी को तरसे

**मुंबई।** महाराष्ट्र राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि, राज्य परिवहन की पांच हजार बसों को, जो कि फिलहाल डीजल ईंधन के जरिए चल रही हैं। उन सब को अब एल. एन. जी (गॅस) ईंधन की खपत वाला बना दिया जाएगा। जिस से पर्यावरण की छतिपूर्ति भी होगी और संचालन खर्च में भी कमी आएगी। अधिकारिक तौर पर यह घोषणा महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम ने किया है। आगे परिवहन निगम ने कहा है कि इस कार्यक्रम को छः चरणों तथा तीन वर्षों में पुरा किया जाएगा। परिवहन निगम के अधिकारी ने यह भी कहा है कि, इस परिवर्तन के द्वारा हम हरित ऊर्जा की ओर बढ़ रहे हैं। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार का सहयोग भी कर रहे हैं।

# कुरेश बिरादारी का मेळावा

**बोडवड।** जलगांव जिला के बोडवड शहर में 5 फरवरी को ऑल इंडिया कुरैश कांफ्रेंस के तालुका अध्यक्ष हमीद कुरेशी साहब की दुख्तर की शादी के मौके पर ऑल इंडिया कुरैश कांफ्रेंस के बैनर तले बिरादरी का मेळावा रखा गया, जिसमें माजी मंत्री एकनाथ जी खडसे साहब की कन्या राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गट) महाराष्ट्र प्रदेश महिला अध्यक्षा श्रीमती रोहिणी ताई खडसे इन्होंने भी शिरकत की, इस मौके पर रोहिणी ताई के पास ऑल इंडिया कुरेश कांफ्रेंस के जिम्मेदारों ने कुरैश बिरादरी की तमाम तकालीफ को रखा की किस ढंग से बिरादरी को अपने बिजनेस करने में तकलीफ का सामना कर करना पड़ता है, बिना वजेह परमिटेड जानवरों की गाड़ियां रोकी जाती है और उनको परेशान करने का काम किया जाता है ,साथ ही शेड्यूल कास्ट में शामिल करने के लिए भी शिफारिश करने की अपील की।इस मौके पर हमेशा कुरैशी बिरादरी के साथ रहने और हर मुश्किल में उन्हें साथ देने का ताई ने वादा किया। इस मेळावे में यह ठराव भी पारित किया गया की कुरेश बिरादरी के मसाइल को लेकर ऑल इंडिया कुरैश कॉन्फ्रेंस का एक डेलिगेशन बहुत जल्द समय लेकर के महाराष्ट्र के माननीय मुख्यमंत्री जी ,महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल जी, महाराष्ट्र विधानसभा के माननीय अध्यक्ष इन से मुलाकात करके बिरादरी की तकलीफ को दूर करने की डिमांड को लेकर मिलना तय हुआ। इस मौके पर ऑल इंडिया कुरेश कांफ्रेंस के महासचिव जनाब अब्दुल रहमान कुरेशी साहब, महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष जाकिर हुसैन कुरेशी, महाराष्ट्र के सचिव डॉक्टर सलीम कुरैशी, महाराष्ट्र के उपाध्यक्ष अमीन कुरैशी, विधार्भ अध्यक्ष एडोकेट जावेद कुरेशी, विदर्भ उपाध्यक्ष शकील कुरैशी, जलगांव ज़िला अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक कुरैशी, बुलढाणा जिला अध्यक्ष एडवोकेट वसीम कुरेशी युवा जिलाध्यक्ष समद कुरेशी इन तमाम लोगों ने बिरादरी के मसाइल पर रोशनी डाली और इस मौके पर बिरादरी से इस संघटना से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने, नौजवानों को अपने मुस्तकबिल सवारने पर ध्यान देने और दीनी व असरी तालीम पर ज्यादा जोर देने, शादी ब्याह के मौकों पर बेजा रसूमात और फुज़ूल अखराजात से बचने की हिदायत दी गई और बुलढाना और जलगांव ज़िला के काफी पदाधिकारियों को अपॉइंटमेंट लेटर दिए गए।स्टेज पर रावेर ज़िला उपाध्यक्ष शेख अकरम कुरैशी,बुलढाना ज़िला महा सचिव मोइन सर, मोतला तालुका अध्यक्ष आबिद कुरैशी, धामन गांव बड़े तालुका अध्यक्ष जमीर कुरैशी,बबलू कुरैशी, बोदवड से सलीम मेंबर,अफसर सेठ,मौजूद थे संचालन महाराष्ट्र प्रदेश सचिव नडॉक्टर सलीम कुरैशी और आभार प्रदर्शन महा सचिव हाजी अब्दुल रहमान साहब ने किया।




# पुणे के हीरा कारोबारी की गुवाहाटी में हत्या! अफेयर बनी वजह

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पुणे के एक हीरा व्यापारी की गुवाहाटी के पांच सितारा होटल में हत्या कर दी गई। पुलिस ने कुछ ही घंटों इस मामले का पदार्फाश करते हुए एक लड़की और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला है कि हीरा कारोबारी संदीप कांबले की हत्या की वजह लव ट्रायंगल है। 44 वर्षीय संदीप सुरेश कांबले पुणे के श्रास्तीनगर में परिवार के साथ रहते थे। कांबले की हत्या के आरोप में गुवाहाटी पुलिस ने बंगाल के प्रेमी जोड़े को गिरफ्तार किया है। कपल ने हत्या की बात कबूल कर ली है। जांच में पता चला कि संदीप कांबले और आरोपी लड़की के बीच पहले प्रेम संबंध थे। पिछले कुछ दिनों से कांबले अपनी पूर्व प्रेमिका को ब्लैकमेल भी कर रहा था। गुवाहाटी पुलिस ने 24 घंटे के अंदर मामले लो सुलझा लिया। आरोपी विकास कुमार शॉ और उसकी प्रेमिका अंजलि शॉ पुलिस की हिरासत में है। दोनों ने गुवाहाटी के फाइव स्टार होटल रैडिसन ब्लू में हीरा व्यापारी संदीप की हत्या की थी।

### कोलकाता में हुई पहचान

संदीप कांबले अपने काम के सिलसिले में विभिन्न स्थानों की यात्रा करता था। पिछले साल सितंबर में कोलकाता की एक यात्रा के दौरान उसकी अंजलि शॉ से दोस्ती हो गयी। उस वक्त दोनों के बीच फोन नंबरों का आदान-प्रदान हुआ। इसके बाद उनकी जान-पहचान



प्यार में बदल गई। दोनों के बीच मुलाकातें बढ़ गईं। दोनों पुणे, कोलकाता में अक्सर मिलते थे। संदीप कांबले शादीशुदा था, फिर भी वह अंजलि से शादी करना चाहता था। हालांकि अंजलि ने संदीप कांबले के शादी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

### पीड़ित कर रहा था ब्लैकमेल

इसके बाद वह संदीप से बात करने और मिलने से भी कतराने लगी। यह बात संदीप कांबले को नागवार गुजरी। वह अंजलि को बदनाम करने की धमकी देने लगा। वह चाहता था कि अंजलि अपने बॉयफ्रेंड विकास को छोड़ दे। संदीप कांबले ने अंजलि और अपने अंतरंग क्षणों की तस्वीरें खींची थीं। उसने अंजलि के साथ अपनी निजी तस्वीरें बॉयफ्रेंड विकास को भेजीं। इसके बाद विकास शॉ और अंजलि शॉ ने किसी तरह कांबले का मोबाइल फोन छीनने की योजना बनाई, जिसमें उनकी अतरंग तस्वीरें थी। दोनों ने संदीप के मोबाइल से सबूत मिटाने के लिए उसे मिलने के बहाने होटल बुलाया।

### मारने के बाद हुए फरार

संदीप, अंजलि और विकास तीनों सोमवार को अलग-अलग गुवाहाटी पहुंचे। अंजलि कांबले से गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मिली और फिर साथ में रेडिसन ब्लू होटल रवाना हो गई।



➔ दै. मुंबई हलचल के प्रधान संपादक दिलशाद एस खान के जन्मदिन पर मुझे पेड़ दो के संस्थापक गणेश दुबे ने पौधारोपण करके जन्मदिन की बधाई दी और श्री दुबे ने कहा कि पत्रकार देश की सत्य की विचारधारा और सत्य की आवाज है आज दिलशाद साहब का जन्मदिन है इस उत्सव की बेला पर आज हमने पौधारोपण किया और आप सभी से निवेदन है जब जब खुशियां मनाएं तब तब पेड़ लगाएं केक काटने से बेहतर है की एक पेड़ लगाए।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### कांग्रेस को एक और झटका

सिद्दीकी मुंबई के बांद्रा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक रहे हैं। वह पहली बार 1999 में महाराष्ट्र विधानसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद उन्हें 2004 और 2009 के विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल हुई। वह 2004 से 2008 तक राज्य मंत्री के पद पर रहे। विधायक बनने से पहले वह दो बार पार्षद चुने गए थे। बाबा सिद्दीकी पहली बार 1992 में मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के पार्षद चुने गए। 1997 के बीएमसी चुनाव में भी उन्हें सफलता मिली। मिली जानकारी के मुताबिक बाबा सिद्दीकी अजित पवार की पार्टी एनसीपी का दामन थामेंगे। सूत्रों ने बताया कि 10 फरवरी को बांद्रा में होने वाले 'सरकार आपल्या दारी' कार्यक्रम में एनसीपी में शामिल होंगे। मुंबई के बांद्रा और उसके आसपास बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग रहते है, जिनके बीच सिद्दीकी की गहरी पैठ है। इसलिए आगामी लोकसभा, विधानसभा और बीएमसी चुनाव में एनसीपी अजित पवार गुट को बड़ा फायदा होने की संभावना है।

### महाराष्ट्रः महाप्रसाद खाने के बाद 2000 ग्रामीण बीमार

तबियत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में जगह नहीं होने के कारण कई लोगों का इलाज फर्श पर लिटाकर किया गया। कोश्तवाड़ी के बालूमामा मेंढ्या गांव में धार्मिक उपदेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया था जहां शाम करीब पांच बजे स्थानीय लोगों के साथ आसपास के सावरगांव, पोस्टवाड़ी, रिसानगांव और मस्की गांवों के लोग भी एकत्र हुए और सभी ने भोजन किया। एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार तड़के महाप्रसाद कहने वाले सैकड़ों लोगों को उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। शुरूआत में 150 लोगों को नांदेड के लोहा के उप-जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### शरद पवार खेमे को मिला नया नाम 'एनसीपी शरदचंद्र पवार'

साथ ही कहा है कि वह आयोग के इस निर्णय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। खबर है कि मुंबई स्थित एनसीपी के मुख्यालय पर भी अजित पवार गुट ने दावा ठोका है। बता दें कि चुनाव आयोग ने मंगलवार को अजित पवार गुट को असली एनसीपी का दर्जा दिया। आयोग ने आदेश में अजित पवार के नेतृत्व वाले ग्रुप को एनसीपी का चुनाव चिह्न 'घड़ी' भी आवंटित किया।

### जलगांव में रेत माफियाओं का आतंक

यह घटना मंगलवार रात करीब 11.30 बजे नशीराबाद में हुई। इस घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर आयुष प्रसाद ने नाकाबंदी के आदेश दे दिए हैं। जलगांव जिले में बड़े पैमाने पर रेत माफिया सक्रीय है। इस पर लगाम लगाने के लिए उपजिलाधिकारी सोपान कासार अपनी टीम के साथ मंगलवार देर रात में नशीराबाद गए। इस दौरान उन्होंने अवैध तरीके से रेत ले जा रहे दो डंपरों पर कार्रवाई की।

## खबर संक्षेप

### केनरा बैंक शेयर विभाजन के प्रस्ताव पर करेगा फैसला

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने बुधवार को कहा कि वह शेयर तरलता बढ़ाने के लिए अपने इक्विटी शेयरों के विभाजन की योजना बना रहा है। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि निदेशक मंडल की 26 फरवरी को होने वाली बैठक में शेयर विभाजन के प्रस्ताव पर निर्णय लिया जाएगा। इस बैठक में बैंक के इक्विटी शेयरों के विभाजन के लिए निदेशक मंडल से सैद्धांतिक मंजूरी लेने की योजना है।

### अपग्रैड खोलेगा 100 करोड़ की लागत से पूरे भारत में 100 एक्सपीरियंस एवं लर्निंग सेंटर

**नई दिल्ली।** एशिया की इंटिग्रेटेड लर्निंग स्किलिंग एवं वर्कफोर्स डेवलपमेंट कंपनी अपग्रैड ने अपने ऑनलाइन ग्रोथ को बढ़ाने के लिए भारत में 100 ऑफ़लाइन कनेक्ट और काउंसलिंग टचप्वाइंट एवं लर्निंग सेंटर खोलने की घोषणा की है। ऐसे पहले दो काउंसलिंग सेंटर्स का उद्घाटन मुंबई और दिल्ली में और पहले दो लर्निंग सेंटर्स का उद्घाटन इंदौर और पुणे में किया जा चुका है। इन सेंटर्स के प्रारंभिक प्रतिसाद काफी सशक्त रहा है क्योंकि पहले 30 दिनों में यहां 500 से अधिक कैरियर परामर्श प्राप्त हुए हैं। अपग्रैड का लक्ष्य इन 100 सेंटर्स में पांच लाख से अधिक लोगों को उनके करियर के बारे में काउंसलिंग करना और लर्निंग सेंटर में 10,000 से अधिक लर्नर्स को नामांकित करना है। कंपनी ने गैर-महानगरों और छोटे शहरों में इसे आगे बढ़ाने और अगले 12 महीनों के दौरान इसके परिचालन में तेजी लाने के लिए 100 करोड़ रुपये निवेश का प्रारंभिक कोष रखा है। अपग्रैड के सह-संस्थापक एवं एमडी मयंक कुमार ने अपनी विस्तार योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा, "भारत की वैश्विक प्रतिभा बाजारों में स्थिति काफी मजबूत है। इसलिए, चालू वित्त वर्ष में, हम हर आयु वर्ग को सही करियर मार्गदर्शन और उच्च गुणवत्ता वाले लर्निंग और ट्रेनिंग दोनों के लांग एवं शार्ट फॉर्मेट कोसेर्स को हमने अत्यंत सशक्त और एकीकृत किया है।

# जनवरी में शाकाहारी थाली हुई महंगी, मांसाहारी की लागत घटी

मुंबई हलचल / मुंबई

घर में बनी शाकाहारी थाली जनवरी महीने में सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी हो गई जबकि मांसाहारी थाली 13 प्रतिशत सस्ती हो गई। बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिटिक्स रिसर्च की तरफ से जारी 'राइस रोटी रेट' अनुमान के मुताबिक, जनवरी में दाल, चावल, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के दाम बढ़ने से घर में बनी शाकाहारी थाली महंगी हो गई। वहीं पोल्ट्री दरों में गिरावट से मांसाहारी थाली के दामों में गिरावट आई।

■ क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार मांसाहारी थाली 13 फीसदी सस्ती

## शाकाहारी थाली सालाना आधार पर पांच प्रतिशत महंगी

### प्याज और टमाटर की कीमतों घटने से थाली हुई सस्ती

हालांकि शाकाहारी और मांसाहारी थाली दोनों की ही कीमतें दिसंबर, 2023 की तुलना में जनवरी, 2024 में क्रमशः छह प्रतिशत और आठ प्रतिशत कम हुई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, मासिक आधार पर प्याज और टमाटर की कीमतों में कमी आने से थाली के दाम घटे।



### चावल के दाम जनवरी में 14 फीसदी बढ़े

रिपोर्ट कहती है कि प्याज और टमाटर की कीमतों में पिछले महीने सालाना आधार पर क्रमशः 35 प्रतिशत और 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से शाकाहारी थाली की लागत बढ़ गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली में 12 प्रतिशत की हिस्सेदारी रखने वाले चावल के दाम जनवरी महीने में 14 प्रतिशत बढ़े जबकि नौ प्रतिशत हिस्सा रखने वाली दालों की कीमतें 21 प्रतिशत तक बढ़ गईं।

### ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 फीसदी घटी

इस बीच मांसाहार के शौकीन लोगों के लिए पिछला महीना लागत के लिहाज से राहत लेकर आया। पिछले साल के समान महीने की तुलना में इस साल जनवरी में उत्पादन बढ़ने से ब्रॉयलर मुर्गे की कीमतें 26 प्रतिशत गिरने से मांसाहारी थाली की लागत में गिरावट दर्ज की गई।

### मुर्गे के दाम 10 फीसदी कम हुए

मासिक आधार पर प्याज 26 प्रतिशत और टमाटर में 16 प्रतिशत की कमी आने और टमाटर की आवक बढ़ने से शाकाहारी थाली की लागत दिसंबर की तुलना में घटी है। वहीं, मांसाहारी थाली के मामले में मासिक आधार पर मुर्गे के दाम आठ-10 प्रतिशत तक कम होने से थाली की लागत तेजी से कम हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने जारी किया अनुमान

# भारत 2027 में कच्चे तेल की मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा केंद्र होगा, चीन को पीछे छोड़ेगा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत 2027 में वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की मांग में वृद्धि के केंद्र के रूप में चीन से आगे निकल जाएगा। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने यह अनुमान लगाते हुए कहा है कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था में परिवहन तथा उद्योग की खपत स्वच्छ ऊर्जा और विद्युतीकरण पर बड़े जोर के बावजूद इस वृद्धि को गति देगी।

पेरिस स्थित एजेंसी ने बुधवार को यहां भारत ऊर्जा सप्ताह में जारी एक 2030 तक भारतीय तेल बाजार परिदृश्य पर एक विशेष रिपोर्ट में कहा कि देश की कच्चे तेल कर मांग 2023 में 54.8 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी)से बढ़कर 2030 में 66.4 लाख बीपीडी हो जाएगी। चीन वर्तमान में तेल की मांग का सबसे बड़ा चालक है और भारत इस सूची में नंबर दो पर है।

### भारत 12 लाख बीपीडी की वृद्धि दर्ज करेगा

आईईए ने कहा, 'भारत अब और 2030 के बीच वैश्विक तेल मांग में वृद्धि का सबसे बड़ा स्रोत बन जाएगा, जबकि विकसित अर्थव्यवस्थाओं तथा चीन में शुरू में वृद्धि धीमी और बाद में इसके उलट रहने का अनुमान है।' रिपोर्ट में कहा गया, भारत करीब 12 लाख बीपीडी की वृद्धि दर्ज करने की राह पर है...इसके 2030 तक 66 लाख बीपीडी तक पहुंचने का अनुमान है।



### भारत की मांग 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी

आईईए के निदेशक (ऊर्जा बाजार एवं सुरक्षा) किसुके सदामोरी ने कहा, ' त्वरित हरित ऊर्जा कदमों के बावजूद 2030 तक भारत की तेल मांग तीव्र गति से बढ़ेगी। भारत की वृद्धि दर 2027 में चीन से आगे निकल जाएगी।' हालांकि, भारत में मांग 2030 में भी चीन से पीछे रहेगी।

### चीन में तेल की मांग धीमी हुई

आईईए में तेल उद्योग एवं बाजार प्रभाग की प्रमुख टोरिल बोसोनी ने कहा, 'जैसा कि विकसित देशों और चीन में तेल की मांग धीमी हो गई है, भारत वृद्धि का सबसे बड़ा स्रोत बन गया है।' भारत वर्तमान में अमेरिका और चीन के बाद कच्चे तेल का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। वह अपनी तेल जरूरतों का 85 प्रतिशत आयात करता है और घरेलू उत्पादन में गिरावट के कारण यह निर्भरता बढ़ने की संभावना है।

### डीजल पर कंपनियों को तीन रुपए प्रति लीटर घाटा

कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हालिया मजबूती आने से सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों को डीजल पर प्रति लीटर लगभग तीन रुपये का घाटा हो रहा है जबकि पेट्रोल पर उनके मुनाफे में कमी आई है। अधिकारियों ने कहा कि पेट्रोल पर मुनाफे में कमी आने और डीजल पर घाटा होने से पेट्रोलियम विपणन कंपनियां खुदरा कीमतों में कटौती करने से परहेज कर रही हैं।

### अप्रैल 2022 से नहीं बदली कीमतें

अप्रैल, 2022 से ही पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) का देश के करीब 90 प्रतिशत ईंधन बाजार पर नियंत्रण है।


# मौद्रिक समीक्षा से पहले हुआ शेयर बाजार स्थिर

मुंबई हलचल / मुंबई

नीतिगत ब्याज दर पर रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का फैसला आने के एक दिन पहले बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में निवेशकों के सतर्क रुख अपनाने से दोनों प्रमुख सूचकांक उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में लगभग स्थिर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 34.09 अंक यानी 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72,152 पर बंद हुआ। एनएसई का सूचकांक निफ्टी 1.10 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 21,930.50 पर बंद हुआ।

■ एमपीसी का फैसला आने में एक दिन बाकी

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू शेयर बाजारों ने एमपीसी बैठक का नतीजा आने के पहले मजबूत पीएमआई आंकड़ों और अनुकूल वैश्विक संकेतों के बावजूद सतर्कता दिखाई और सीमित दायरे में कारोबार हुआ।' ब्याज दर में संभावित कटौती और तरलता की स्थिति में सुधार से संबंधित किसी भी संकेत पर



बाजार की नजरें रहेंगी।

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में सर्वाधिक 3.78 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा नेस्ले इंडिया, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक और एशियन पेंट्स के शेयर भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एचडीएफसी बैंक, विप्रो, लार्सन एंड टुब्रो और एनटीपीसी में गिरावट दर्ज की गई।

### यस बैंक के शेयर में तूफानी तेजी

यस बैंक के शेयरों में तूफानी तेजी देखने को मिली है। यस बैंक के शेयर बुधवार को 20 फीसदी की तेजी के साथ 30.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। प्राइवेट सेक्टर के इस बैंक ने बुधवार को 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। यस बैंक के शेयरों में पिछले 2 दिन में 30 फीसदी से अधिक की तेजी आई है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच आज मतदान

# पाक में चुनाव से पहले बम धमाका, 28 लोगों की मौत



मुंबई हलचल / इस्लामाबाद


पाकिस्तान में चुनाव से एक दिन पहले फिर जोरदार धमाका हुआ है। अब तक 28 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं 30 से ज्यादा घायल भी बताए जा रहे हैं। ये आंकड़ा और ज्यादा बढ़ सकता है। ये धमाका बलूचिस्तान के पिशीन और किला सैफुल्लाह प्रांत में एक चुनावी कार्यालय के पास हुआ है। हैरानी की बात ये है कि पाकिस्तान में जब से चुनाव का ऐलान हुआ है, लगातार बम धमाके देखने को मिले हैं। यहां पर आतंकवादियों द्वारा लगातार ऐसे हमले किए जाते रहते हैं। यह एक फिदायीन अटैक है जहां पर बाइक पर युवक आए थे और उन्होंने खुद को चुनावी कार्यालय के पास में ही उड़ा लिया।

### इधर, भी हुए 9 ग्रेनेड हमले

जानकारी तो ये भी मिली है कि बुधवार को ही बलूचिस्तान के कई इलाकों में कुल 9 ग्रेनेड हमले किए गए। क्वेटा के बाहरी इलाकों में भी हमलों को अंजाम दिया गया, मंगलवार को तो एक स्कूल पर भी हथगोले फेंकने का काम हुआ। लगातार हो रहे इन हमलों की वजह से जमीन पर तनाव का माहौल है,लोगों में खौफ पसर चुका है। वोटिंग करने से सभी डर रहे हैं।

### 7 लाख सुरक्षाकर्मी कराएंगे मतदान

मतदाताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगभग 650000 सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। इनमें पुलिस नागरिक सशस्त्र बल और सशस्त्र बल के जवान शामिल हैं। मतदान गुरुवार सुबह 8 बजे शुरू होगा और शाम 5 बजे तक बिना किसी अंतराल के जारी रहेगा। चुनाव आयोग के अनुसार, नेशनल असेंबली सीटों के लिए 5,121 उम्मीदवारों में से कुल 12,85,85,760 पंजीकृत मतदाता वोट देने के पात्र थे, जिनमें 4,807 पुरुष, 312 महिला और दो ट्रांस-जेंडर शामिल थे। चार प्रांतीय विधानसभाओं के लिए 12,695 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें 12,123 पुरुष, 570 महिलाएं और दो ट्रांस-जेंडर शामिल हैं।



# इक्वाडोर से तनाव के बीच भारत से केले खरीद रहा रूस

■ पुतिन ने लिया बड़ा फैसला


**मास्को।** रूस ने भारत से केले खरीदना शुरू कर दिया है। रूस के खाद्य सुरक्षा निगरानीकर्ता रोसेलखोज्नदजोर ने कहा कि भारत से केले की पहली खेप जनवरी में रूस पहुंची। केले की अगली खेप फरवरी के अंत में रूस पहुंचने की उम्मीद है।

रूसी बाजार में भारतीय केले का आयात और बढ़ने वाला है। इक्वाडोर रूस में केले का सबसे बड़ा निर्यातक रहा है, लेकिन रूस ने इक्वाडोर से केले के आयात पर प्रतिबंध लगा दिया था। रोसेलखोज्नदजोर का कहना है कि इक्वाडोर के केले में कीड़ों का पता लगा है।

**केवल 0.3 प्रतिशत केले में कीड़े पाए गए:** इक्वाडोर की खाद्य सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि रूस भेजे गए केवल 0.3 प्रतिशत केले में कीड़े पाए गए।

इससे कोई खतरा नहीं है। गौरतलब है कि इस समय रूस-इक्वाडोर के संबंधों में तनाव है, क्योंकि इक्वाडोर ने रूस निर्मित सैन्य उपकरणों को कबाड़ बताकर अमेरिका को बेचने के लिए समझौते किए हैं। समझौते के तहत इक्वाडोर रूस में बने सैन्य उपकरण अमेरिका को बेचकर इसके बदले अमेरिका से अत्याधुनिक उपकरण खरीदेगा।

# कुवैत से मुंबई पहुंचे संदिग्ध गिरफ्तार



*मुंबई। कुवैत के तीन संदिग्ध अवैध तरीके से नाव पर सवार होकर मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया पहुंचे। यहां लंगर डालकर नाव को रोका गया। मुंबई पुलिस ने अवैध तरीके से प्रवेश के आरोप में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार का उनके खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बताया कि वे कुवैत से एक नाव पर सवार होकर मुंबई पहुंचे थे। आरोपियों से पूछतांछ कर मामले की जांच की जा रही है।*

उत्तराखंड हलचल

# विधानसभा में यूसीसी बिल पर चर्चा के दौरान कांग्रेस ने अपनाई संयम की रणनीति

## बीजेपी के तीखे वार पर भी साधी चुप्पी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** कांग्रेस के लिए समान नागरिक संहिता का मुद्दा गरम दूध बन गया है। विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस को भाजपा के तीखे प्रहार के बावजूद आक्रामक रुख छोड़ना पड़ा। यही नहीं, सत्तापक्ष की ओर से भड़काने के लिए अन्य मुद्दे उठाने पर भी प्रमुख विपक्षी पार्टी ने संयत रहने की रणनीति पर अधिक विश्वास किया। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भाजपा ने बेहद सधे अंदाज में समान नागरिक संहिता को आगे बढ़ाया तो कांग्रेस चाहते हुए भी पलटवार में आक्रामक रुख अपनाने से पीछे हटती दिखाई दी। उत्तराखंड की जनसांख्यिकीय परिस्थिति और



आधी आबादी महिलाओं से जुड़ा विषय होने के कारण विधानसभा सत्र के तीनों दिन कांग्रेस ने समान नागरिक संहिता को लेकर सतर्कता बरती। पार्टी ने विभिन्न मुद्दों को लेकर विधानसभा मंडप के बाहर प्रदर्शन हो अथवा सदन में चर्चा समान नागरिक संहिता को लेकर तीखी टिप्पणी से बचने की कोशिश की। चर्चा के दौरान कांग्रेस के इस शांत रुख को देखते हुए सत्तारूढ़ दल भाजपा के विधायकों के साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्यों ने भी समान नागरिक संहिता अब तक अस्तित्व में नहीं आने के लिए सीधे तौर पर कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। इसे लेकर प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर कांग्रेस के दिग्गज नेता भाजपा के निशाने पर रहे। इस प्रहार के बाद भी कांग्रेस के विधायकों ने समान नागरिक संहिता को छोड़कर अन्य सभी ज्वलंत विषयों पर भाजपा और प्रदेश सरकार को निशाने पर लिया। समान नागरिक संहिता को लेकर कोई टिप्पणी से तिल का ताड़ न बनने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा गया। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने सदन में कांग्रेस के शांत रुख का हवाला दिया तो सत्तापक्ष की ओर से किए जा रहे हमले के बावजूद आक्रामक नहीं होने की पार्टी की रणनीति को स्पष्ट भी किया।

# उत्तराखंड में 1.77 लाख मतदाता पहचान पत्र निरस्त, दून में सबसे ज्यादा लोग वोटर लिस्ट से हुए बाहर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के 13 जिलों में 1.77 लाख लाख मतदाता पहचान पत्र निरस्त कर दिए गए हैं। देहरादून में सबसे ज्यादा 34039 लोगों का नाम हटाया गया है। दून समेत शीर्ष तीन में हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर भी शामिल हैं। एक साल तक हुए भौतिक सत्यापन व अन्य प्रक्रिया को पूरा करने के बाद यह छंटनी की गई। मतदाता की मौत, दूसरी जगह शिफ्ट होना और दो अलग-अलग सूची में नाम शामिल होना इसकी प्रमुख वजह है। वहीं, वोटर लिस्ट से हटाए लोगों की पूरी जानकारी राजनैतिक दलों को भी दी गई है। ताकि प्रक्रिया पर किसी तरह के सवाल न उठ सके। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग तेजी से आगे बढ़ रहा है। सर्वे के दौरान नए वोटरों को जोड़ने के साथ यह भी देखा गया



कि पूर्व में हुए चुनाव में दर्ज नामों की स्थिति क्या है। नौ नवंबर 2022 से 21 सितंबर 2023 के बीच हुई सत्यापन की प्रक्रिया के बाद 13 जिलों की मतदाता सूची से 177609 नामों को हटाया गया। व्यक्ति का नाम, विधानसभा, मतदाता पहचान पत्र नंबर, बूथ स्थल आदि की जानकारी भी वेबसाइट पर दर्ज की गई है। नैनीताल जिले में सूची से हटे नामों की संख्या 16020 है। एडीएम नैनीताल शिवचरण द्विवेदी का कहना है कि जिन लोगों की मौत हो चुकी है, उनके मृत्यु प्रमाणपत्र जुटाने के बाद बीएलओ से जांच करवाई गई। शिफ्टिंग मतदाताओं के लिए बीएलओ और प्रधान की उपस्थिति में समिति बनी। इन नामों को ढूंढ एसडीएम के माध्यम से नोटिस भेजे गए। दूसरी जगह शिफ्ट होने संग वहां भी वोटर कार्ड बनाने की बात बताने पर एक जगह से नाम हटा दिया गया। तीसरी श्रेणी उन लोगों की थी जो कि गांव और शहर दो जगह की लिस्ट में शामिल थे। प्रधानी चुनाव में मतदान के चक्कर ज्यादातर लोग ऐसा करते हैं।

## पहाड़ों में गुलदार की दस्तक से बढ़ी दहशत, लोगों में भय का माहौल



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** पहाड़ों में इन दिनों गुलदार की दस्तक और दहशत बढ़ी हुई है। यहां बाजार से लेकर गांव और सड़कों से लेकर गांव को जोड़ने वाली पगड़ियों पर जगह-जगह गुलदार दिख रहे हैं। जनपद उत्तरकाशी में भी विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों ने गुलदार को देखा है। गश्त करने वाली वन विभाग की टीम को भी कई स्थानों पर गुलदार नजर आए हैं। श्रीनगर और खिर्सू में हुई घटना के बाद गुलदार को लेकर ग्रामीणों में भय अधिक बढ़ा है। गंगोत्री हाइवे पर भटवाड़ी के पास डुडु ढंगार नाम जगह पर बुधवार शाम करीब 7 बजे दो गुलदार एक साथ देखे गए। स्थानीय निवासी संजीव रतूड़ी ने बताया कि बुधवार की शाम करीब सात बजे अचानक उनकी गाड़ी के सामने गंगोत्री हाइवे पर भटवाड़ी के पास डुडु ढंगार नाम जगह पर पहले एक गुलदार आया। उन्होंने गाड़ी रोकी और गाड़ी थोड़ा पीछे की तो देखा कि एक और गुलदार उसके साथ है जिनकी तस्वीर और वीडियो हमने अपने फोन में कैद किया। गुलदार को लेकर भटवाड़ी क्षेत्र में भी ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।


## देहरादून रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा मामले में फंसे सहायक शासकीय अधिवक्ता

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा प्रकरण में गतिमान एसआइटी जांच में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) सुरेश चंद्र शर्मा पर भी आरोप लगे हैं। आरोपों के आधार पर न्याय विभाग में सुनवाई की जाएगी। तब तक उनका कार्य जिला शासकीय अधिवक्ता को सौंपा गया है। पिछले साल जुलाई में दून में रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद से एसआइटी जांच के दौरान अब तक कई भू-माफिया के साथ ही इस प्रकरण में दो अधिवक्ता को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच गतिमान है और और कई नाम भी सामने आ रहे हैं। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व सुरेश चंद्र शर्मा पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। इसे लेकर एसआइटी प्रभारी एसपी ट्रैफिक सर्वेश पंवार ने न्याय विभाग को पत्र लिखा है। जिस पर संयुक्त सचिव न्याय एवं संयुक्त विधि परामर्शी अशोक कुमार ने कहा कि सुरेश चंद्र शर्मा पर गंभीर आरोप लगे हैं। जिस पर सुनवाई की जाएगी। जब तक सुनवाई चलेगी, तब तक वे मुकदमों की पैरवी नहीं कर सकेंगे। जिला मुख्यालय में अन्य कोई सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व का पद न होने के कारण जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन वशिष्ठ को ही सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता का कार्य सौंपा गया है।

# कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी, तीन राज्यों में पहुंची टीम

**देहरादून।** प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में बुधवार को कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के ठकिानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तराखंड, दिल्ली और चंडीगढ़ में कई ठकिानों पर तलाशी ली गई है। बता दें, हरक सिंह रावत ने 2022 के उत्तराखंड विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा छोड़ दी थी और कांग्रेस में शामिल हो गए थे। भाजपा सरकार में राज्य के वन मंत्री के रूप में रावत के कार्यकाल के दौरान, रावत और उनके कुछ विभागीय अधिकारियों पर टाइगर सफारी परियोजना के तहत कॉर्बेट पार्क के पाखरो रेंज में अवैध पेड़ काटने और निर्माण में शामिल होने से संबंधित गंभीर आरोप लगे। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि पाखरो बाघ सफारी के लिए 163 की अनुमति के खिलाफ कॉर्बेट टाइगर रिजर्व (सीटीआर) में 6000 से अधिक पेड़



अवैध रूप से काटे गए थे। हालांकि, राज्य वन विभाग ने एफएसआई के दावों का खंडन किया और कहा कि रिपोर्ट को अंतिम रूप से स्वीकार करने से पहले कुछ तकनीकी मुद्दों को हल करने की आवश्यकता है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है कि रावत से जुड़ी संपत्तियां ईडी अधिकारियों द्वारा जांच के दायरे में आई हैं। इससे पहले उत्तराखंड सतर्कता टीम ने देहरादून के शंकरपुर में एक संस्थान और छिद्दरवाला में एक पेट्रोल पंप पर छापे मारे थे। राज्य सतर्कता प्रमुख वी मुरुगेसन ने 30 अगस्त को कहा कि टीम ने दोनों स्थानों पर दस्तावेजों की जांच की तो पता चला कि दोनों संपत्तियां कांग्रेस नेता और पूर्व वन मंत्री हरक सिंह रावत की हैं। एएनआई से बात करते हुए मुरुगेसन ने कहा कि सतर्कता टीम ने पाया कि दोनों निजी स्थानों पर लगाए गए दो जनरेटर सेट सरकारी पैसे से खरीदे गए थे। उन्होंने कहा कि मामले की आगे की जांच जारी है। मुरुगेसन ने पुष्टि की कि शंकरपुर में दून इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और पेट्रोल पंप, जिस पर टीम ने बुधवार को छापा मारा, दोनों हरक सिंह रावत के बेटे के हैं।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# रोजाना खाएंगे सिर्फ 10 चेरी तो मिलेंगे ये बेमिसाल फायदे

चेरी मानसून और गर्मियों का फल है। ये खट्टा-मीठा फल खाने में जितना टेस्टी होता है। सेहत के लिए उतना ही फायदेमंद होता है। इसमें पाए जाने वाले काबोर्हाइड्रेट, विटामिन ए, बी और सी, बीटा कैरोटीन, कैल्शियम, लोहा, पोटेशियम, फॉस्फोरस शरीर को स्वस्थ रखने का काम करते हैं। इन पोषक तत्वों की वजह से चेरी को सूपरफूड की श्रेणी में रखा जाता है। यही पोषक कई प्रॉबल्म को दूर करने में मददगार होता है। अगर रोज 10 चेरी खाई जाए तो आप कई बीमारियों से बच सकते हैं।

**1. आंखों के लिए फायदेमंद**
चेरी में विटामिन ए की भरपूर मात्रा पाई जाती है। इसको खाने से आंखों से संबंधित समस्याएं नहीं होती। जिन लोगों को मोतियाबिंद की समस्या हो उनको रोजाना चेरी खानी चाहिए।

**2. याद्दाशत बढाएं**
चेरी में याद्दाशत बढ़ाने वाले गुण पाए जाते हैं। जिन लोगों को बातें या चीजें भूलने लगती हैं। उनके लिए चेरी खाना बहुत फायदेमंद होता है।

**3. अनिद्रा की समस्या से छुटकारा**
चेरी में मेलाटोनिन की बहुत मात्रा होती है, जो अनिद्रा की समस्या से छुटकारा दिलाता है। रोजाना सुबह-शाम 1 गिलास चेरी का जूस पीने से अच्छी नींद आने लगेगी।

**4. हड्डियां मजबूत**
आजकल बहुत से लोगों को हाथों-पैरों की हड्डियों में



दर्द होने या हड्डियां संबंधी कई प्रॉब्लम्स होने लगती है। हड्डियों की समस्याओं से राहत पाने के लिए रोजाना चेरी खाएं।

**5. दिल को रखे हैल्दी**
चेरी में आयरन, मैगनीज, जिंक, पोटेशियम आदि कई पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। इसके साथ ही इसमें बिटा कैरोटीन तत्व भी होता है जो दिल की बीमारी को दूर करने में मदद करता है।

**6. कैंसर**
चेरी में मौजूद एंटीआक्सीडेंट्स शरीर को रोगों से लड़ने की शक्ति देते हैं। इसके साथ ही चेरी में फिनॉनिक एसिड और फ्लेवोनॉयड भी होता है जो कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के ऊतकों को बढ़ने से रोकते है।

**7. वजन करें कंट्रोल**
जो लोग वजन कम करना चाहते हैं उनके लिए चेरी किसी औषधि से कम नहीं है। चेरी में वसा की मात्रा बहुत कम पाई जाती है। इसके साथ 70 % पानी होता है जो घुलनशील फाइबर के लिए अच्छा होता है। रोजाना चेरी खाने वजन कंट्रोल में रहने के साथ ही पाचन तंत्र मजबूत होता।

**8. ब्लड प्रैशर रखे ठीक**
चेरी में पोटैशियम की मात्रा होती है जो शरीर में स्थित सोडियम की मात्रा कम कर देता है। इस वजह से शरीर का रक्तचाप स्तर सामान्य हो जाता है। इसी के साथ कोलेस्ट्रोल का स्तर भी कंट्रोल में रहता है।

**9. डायबिटीज में सहायक**
रोजाना चेरी खाने से डायबिटीज की समस्या से राहत पाई जा सकती है। चेरी में पाए जो वाले गुण चेहरे की रंगत को साफ करने से साथ ही शरीर में इन्सुलिन की मात्रा को कम करके डायबिटीज के स्तर को कम करता है।

**10. त्वचा में लाएं निखार**
त्वचा को सॉफ्ट बनाने और रंगत निखारने के लिए चेरी का फल खाएं। आप चाहे तो चेरी का पेस्ट बनाकर भी चेहरे पर लगा सकते हैं। चेरी के पेस्ट को नियमित रूप से चेहरे पर लगाने से मृत कोशिकाएं हट जाती है। डैड सैल्स हटने से चेहरे पर निखार आने लगता है।

# स्किन को ग्लोइंग और बेदाग रखने के लिए लगाएं केले से बनी होममेड क्रीम

केला हर सीजन में आसानी से उपलब्ध होने वाला फल है, जिसका इस्तेमाल सीरप व ब्यूटी प्रॉडक्ट्स में भी किया जाता हैं। केले से स्वास्थ्य संबंधी कई प्रॉबलम तो दूर होती है साथ ही इसके अलग-अलग इस्तेमाल से चेहरे की कई समस्याएं भी झट से गायब हो जाती हैं। केले का इस्तेमाल डार्क सर्कल्स, चेहरे की रंग निखारने, पिंपल्स व घुटनों और कोहनियों का कालापन दूर करने के लिए भी किया जाता हैं। कई फैश क्रीम, फैस मास्क और फैसपेक के रूप में भी इसका यूज होता हैं लेकिन मार्कीट में मिलने वाले इन ब्यूटी प्रॉडक्ट्स में अन्य कई कैमिकल्स भी मिलाए जाते है, जो हर किसी की स्किन पर सूट नहीं करते है इसलिए बेहतर है कि होममेड तरीके से केले से बनी क्रीम्स और फेसपैक व फेसमास्क का इस्तेमाल करके अपनी खूबसूरती को निखारा जाए, ताकि हमारी त्वचा को किसी प्रकार का कोई नुकसान न हो। आज हम आपको केले से बनी होममेड क्रीम्स बनाना सिखाएंगे, जो आपकी स्किन को नरिशिंग करके स्किन की कई प्रॉब्लम से दूर करेगी।



**बनाना क्रीम बनाने की सामग्री**
- 1/2 केला
- 3 बड़े चम्मच दूध

बनाने का तरीका
1. केले को छोटे-छोटे स्लाइस में काट लें। फिर इन स्लाइस को बाउल में डालकर अच्छे से मैश करें।
2. फिर इसमें दूध डालकर अच्छे से मिक्स करके पेस्ट बना लें।
3. अब इस क्रीम को अपनी उंगुलियों की मदद से चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 3 से 4 मिनट तक चेहरे पर लगी रहने दें।
4. इस क्रीम को चेहरे से उतारने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल करें। फिर अपने चेहरे और गर्दन को तौलिए से अच्छे से सूखा लें।

**ध्यान रखने वाली बात**
अगर आपकी स्किन नॉर्मल है तो यह बनाना क्रीम बैस्ट है। इस क्रीम को लगाने से चेहरे पर ग्लो बना रहता है और स्किन नरिशिंग होती हैं।

# खून की कमी और इंफैक्शन दूर करने के लिए रोज पीएं इस फल का 1 गिलास जूस

खून की कमी की वजह से हमारे शरीर में एनर्जी कम होने लगती हैं और जब शरीर में एनर्जी कम होने लगती हैं तो बॉडी में थकान, चेहरे पर पीलापन, हाथ पैर का सुन्न होना व अन्य कई तरह की प्रॉब्लम्स शुरू हो जाती हैं। अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो यह प्रॉब्लम आगे कई अन्य समस्याओं को बढ़ा देता है। उसी तरह ब्लड इंफैक्शन होने पर भी कई तरह की प्रॉब्लम्स हो सकती हैं।

अगर आप खून की कमी या इंफैक्शन से ग्रस्त हैं तो आपको इस स्पैशल जूस का सेवन करना चाहिए। यह आपके खून की कमी को पूरा कर ब्लड इंफैक्शन को दूर करेगा। रोजाना एक गिलास इस जूस का सेवन करें। क्रेनबेरी जूस यानी कि करौंदे का जूस, इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है इसके अलावा इसमें विटामिन ए, एस्कॉर्बिक एसिड और ऊर्जा से भरपूर होता है जो एनीमिया, कब्ज, पाचन संबंधी समस्याओं को दूर रखता है।

**1. यूरिनेरी ट्रेक्ट इंफेक्शन**
इस जूस से पाचन समस्याओं के साथ मूत्र प्रणाली के रोग भी दूर होते हैं। क्रैनबेरी जूस में प्रोएंथोसायनेडिंस होते हैं, जो ब्लैडर की वॉल पर बैक्टीरिया और कोशिकाओं को मिलने से रोकते




हैं। साथ ही यूरिन के रास्ते गंदे बैक्टीरिया को शरीर से बाहर भी निकालते हैं।

**2. मसूड़ों की समस्या**
यह दांतों को सड़न से बचाने के साथ सांस की दुर्गन्ध को भी रोकता है हालांकि इस जूस में शुगर की मात्रा अधिक होती है, तो बेहतर रहेगा कि दिन में क्रैनबेरी का जूस केवल एक गिलास ही पीएं।

**3. दिल के रोगों व डायबिटीज**
क्रैनबेरी जूस दिल के रोगों और डायबिटीज से बचाने में मददगार है। यह कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करता है जिससे दिल संबंधी रोग नहीं होते। क्रैनबेरी में मौजूद पॉलिफिनॉल हमारे शरीर को बीमारियों से बचाने वाले सिस्टम को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। रोज 2 गिलास लो-कैलरी क्रैनबेरी जूस पीने से दिल की बीमारियों का खतरा 10 फीसदी तक कम हो जाता है।

**4. वजन घटाएं व रक्तचाप कम करें**
अगर आप रोजाना इस जूस का सेवन करते हैं तो इससे स्तन कैंसर से बचा जा सकता है। इसमें कम कैलोरी होने के कारण, यह वजन घटाने में भी सहायक है। हाई ब्लड प्रैशर वालों के लिए भी यह जूस फायदेमंद है। इसे पीने से रक्तचाप कम होता है। इस जूस से ब्यूटी से जुड़े फायदे भी मिलते हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# सेलिब्रिटी होने के नाते हम समाज में बदलाव ला सकते हैं: सोनाक्षी

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा अकसर कई अलग-अलग मुद्दों को लेकर आवाज उठाती रही हैं, चाहे पह पीपीई किट के लिए पैसे डोनेट करने की बात हो या ट्रोलिंग के खिलाफ आवाज उठाने की बात हो, सोनाक्षी हर चीज के प्रति मुखर रही हैं। अभिनेत्री का मानना है कि एक सेलिब्रिटी होने के नाते हम सही चीजों के लिए आवाज उठाकर समाज में बड़े बदलाव ला सकते हैं। सोनाक्षी ने बताया, मैं उन चीजों के साथ जुड़ी हूं, जिन पर मेरा गहरा यकीन है और मेरा मानना है कि सेलेब्रिटी होने के नाते हम समाज में एक बदलाव ला सकते हैं क्योंकि हमारे पास आवाज है और इस तरह से हम दुनिया को रहने लायक एक बेहतर स्थान बना सकते हैं। इसलिए अगर समाज के विकास और इसकी उन्नति के लिए किसी काम को करने की आवश्यकता पड़े, तो क्यों नहीं? फिल्मों की बात करें, तो आने वाले समय में वह 'भुज : द प्राइड ऑफ इंडिया', 'बुलबुल तरंग' में नजर आएंगी।







## हुमा कुरैशी की भी हॉलीवुड में एंट्री

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने हॉलीवुड में एंट्री मार ली है। फिल्म 'आर्मी ऑफ द डेड' में हुमा दिखाई देंगी। जैक स्नायडर की फिल्म 'आर्मी ऑफ द डेड' के ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें हुमा कुरैशी की झलक भी देखाई दे रही है। मूवी में उनके रोल का नाम गीता है। हालांकि रोल के बारे में अभी अधिक जानकारी नहीं मिली है। यह एक खतरनाक थ्रिलर मूवी है। हुमा कुरैशी ने अपने ट्विटर हैंडल से मूवी के ट्रेलर का वीडियो ट्वीट किया है। साथ ही उन्होंने लिखा है कि इस फिल्म का एक छोटा सा भाग होने पर मुझे बहुत गर्व हो रहा है। आपको बता दें कि 'आर्मी ऑफ द डेड' 2004 में आई फिल्म 'डॉन ऑफ द डेड' का सीक्वल है। इस फिल्म को भी जैक स्नायडर ने ही बनाया था। अगर बॉलीवुड की बात की जाए तो फिलहाल हुमा कुरैषी अक्षय कुमार के साथ फिल्म 'बेल बॉटम' में भी दिखाई देंगी। अगर सबकुछ ठीक रहा तो बेल बॉटम 28 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## रणवीर सिंह के हाथ लगी पैन-इंडिया फिल्म

बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने अपनी अगली फिल्म की घोषणा कर दी है। रणवीर तमिल सिनेमा के जाने माने निर्देशक एस शंकर की फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म साउथ की ब्लॉकबस्टर फिल्म अन्नियन की हिन्दी रीमेक होगी। यह एक पैन- इंडिया फिल्म होगी, जो 2022 के मध्य से फ्लोर पर आएगी। शंकर भारतीय फिल्म निर्माता, निर्देशक और लेखक हैं। उन्होंने कई मेगा बजट तमिल फिल्में जैसे रोबोट, 2.0, शिवाजी का निर्देशन किया है। उनकी फिल्म 2.0 में रजनीकांत के साथ बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार दिखे थे। अन्नियन 2005 में रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। अन्नियन में विक्रम ने मुख्य भूमिका निभायी थी, जो मल्टीपल पर्सनैलिटी डिसऑर्डर का शिकार होता है। कभी वो मेट्रोसेक्सुअल मॉडल बन जाता है तो कभी विजिलांटे, जो लोगों की हत्या करता है। हिन्दी में अपरिचित शीर्षक से इसका डब वर्ज़न रिलीज हुआ था, जो काफी पसंद की गई थी। वहीं, अब इसके हिन्दी रीमेक में रणवीर सिंह दिखने वाले हैं। इस फिल्म को जयंतीलाल गाडा प्रोड्यूस करने वाले हैं। इस फिल्म पर बात करते हुए शंकर ने बताया, इसके हिन्दी रीमेक के लिए एक शानदार अभिनेता की जरूरत थी और जादू मैंने रणवीर सिंह में देखा। वह अपने शानदार परफोर्मेंस से इस किरदार में जान डाल सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं इस फिल्म को पैन- इंडिया दर्शकों के लिए बनाने को लेकर बेहद उत्साहित हूं।